Rajasthan

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
प्लॉट नम्बर स्पेशल 33, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर
दूरभाष सं. **0151-2250006**, ई–मेल : ro.bikaner@gmail.com

कमांक राप्रनिमं / बीका / माईन्स / बीएम–701 / 1145 दिनांक 01/12/2022

मैसर्स उर्विजा माईन्स एण्ड मिनरलस,
एफ–402, मुरलीधर व्यास नगर,
बीकानेर

विषयः माईनिंग क्लस्टर नं 9 Q " डेह बॉल क्ले एवं मुरम माईन्स " (क्लस्टर क्षेत्रफल–7.9784 हेक्टयर , क्लस्टर की कुल उत्पादन क्षमता **6,30,880** टन प्रतिवर्ष रोम) मे स्थित खनन पट्टा मैसर्स उर्विजा माईन्स एण्ड मिनरलस , रेफरेन्स नम्बर–**20211000036000,** खनन पट्टा क्षेत्रफल–**3.9892** हेक्टयर, उत्पादन क्षमता **2,45,300** टन प्रतिवर्ष रोम (बॉल क्ले **-1,57,500** टन प्रतिवर्ष**,** मुरम – **44,375** टन प्रतिवर्ष**,** ऑवर बर्डन – **43,425** टन प्रतिवर्ष) खसरा नंबर 529 / 60, निकट ग्राम–डेह, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी खनन इकाई की पर्यावरणीय स्वीकृति की जनसुनवाई से सम्बंधित विज्ञापन इस पत्र के साथ संलग्न है, जो कि एक राष्ट्रीय स्तर (सभी संस्करण) तथा एक दैनिक क्षेत्रीय स्तर (हिन्दी संस्करण) में दिनांक 03.12.2022 तक प्रकाशित करावें तथा सभी अखबारों की प्रति इस कार्यालय में प्रेषित करावे ताकि लोक सुनवाई का आयोजन **दिनांक 03.01.2023 को दोपहर 12.00 बजे पंचायत भवन –डेह, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में करवाया जा सके।

साथ ही आपसे निवेदन है कि विज्ञापन में वर्णित सभी कार्यालयों में ई.आई.ए. रिपोर्ट्स तथा कार्यकारी सार की हिन्दी व अंग्रेजी प्रतियां जमा करवायें तथा प्रमाण के साथ इस कार्यालय को सूचित करें।

भवदीय
- sd -
(प्रदीप कुमार आसनानी)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि :–
1. सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को सादर सूचनार्थ।
2. जिला कलक्टर, बीकानेर को सादर सूचनार्थ
3. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अवलोकनार्थ उपलब्ध करवाने हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

Rajasthan

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
प्लॉट नम्बर स्पेशल 33, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर
दूरभाष सं. 0151-2250006, ई–मेल : ro.bikaner@gmail.com

कमांक राप्रनिमं / बीका / माईन्स / बीएम–701 / दिनांक

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माईनिंग क्लस्टर नं 9 Q "डेह बॉल क्ले एवं मुर्रम माईन्स" (क्लस्टर क्षेत्रफल–7.9784 हेक्टयर, क्लस्टर की कुल उत्पादन क्षमता **6,30,880** टन प्रतिवर्ष रोम) मे स्थित खनन पट्टा मैसर्स उर्विजा माईन्स एण्ड मिनरलस, रेफरेन्स नम्बर–**20211000036000,** खनन पट्टा क्षेत्रफल–**3.9892** हेक्टयर, उत्पादन क्षमता **2,45,300** टन प्रतिवर्ष रोम (बॉल क्ले **-1,57,500** टन प्रतिवर्ष, मुर्रम – **44,375** टन प्रतिवर्ष, ऑवर बर्डन – **43,425** टन प्रतिवर्ष) खसरा नंबर 529 / 60, निकट ग्राम–डेह, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर की पर्यावरण स्वीकृति बाबत प्रस्ताव राज्य स्तरीय पर्यावरणीय अधिप्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत किये है।
2. और चूंकि मैसर्स उर्विजा माईन्स एण्ड मिनरलस को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं तत्पश्चात संशोधित अधिसूचनाओं के अनुसार उक्त खनन परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई की आवश्यकता है।
3. और चूंकि उपरोक्त लीज धारक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है।
4. और चूँकि उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मत्रांलय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
5. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (पर्यावरण प्रभाव आंकलन एवं सार रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध हैः–
    1. जिला कलक्टर कार्यालय, बीकानेर।
    2. जिला परिषद कार्यालय, बीकानेर।
    3. जिला उद्योग केन्द्र, बीकानेर।
    4. कार्यालय खनिज अभियंता, जिला बीकानेर।
    5. तहसील कार्यालय, कोलायत, बीकानेर।
    6. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर।
    7. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर, राजस्थान।
    8. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4, पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, राजस्थान।
    9. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, पंचम, तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर एच., अलीगंज, लखनऊ, उतर प्रदेश।
    10. पंचायत भवन –डेह, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर।

उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई **दिनांक 03.01.2023 को दोपहर 12.00 बजे पंचायत भवन –डेह, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में आयोजित की जायेगी।

अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक को प्रस्तावित जन सुनवाई स्थल पर उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।इस सम्बन्ध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से जन सुनवाई दिवस तक राजस्थान प्रदूषण नियत्रण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट नं. स्पे 33, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर में दिये जा सकते हैं।

(प्रदीप कुमार आसनानी)
क्षेत्रीय अधिकारी